दिनांक 24/08/2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कम्प्यूटर ऑपरेटरर्स को मतदाता सूची से संबंधित कार्य हेतु निगम के सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

भिलाई नगर। नगर निगम के कम्प्यूटर ऑपरेटरर्स और तकनीकी सहायक आनलाइन प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार करने में प्राधिकृत अधिकारियों की मदद करेंगे। आज इस संबंध में निगम के सभागर में 20 कम्प्यूटर ऑपरेटरर्स और तकनीकी सहायक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। तहसील कार्यालय दुर्ग से ट्रेनर देव प्रकाश साहू और धनंजय देवांगन ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कम्प्यूटर ऑपरेटरर्स को मतदाता सूची की भाग संख्या के अनुसार दूसरे वार्ड में शिफ्ट करने की जानकारी दी। मतदाता सूची को आनलाइन एंट्री करने के दौरान वार्डो की सीमा रेखा के साथ मतदाता सूची की भाग संख्या का विशेष ध्यान रखने कहा। ट्रेनर देवांगन का कहना था कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम की एंट्री के दौरान मतदाताओं की भाग संख्या में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इस बात को ध्यान विशेष रूप से रखा जाना है! उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम भिलाई के वार्डो का परिसीमन के बाद कई वार्डो की सीमा रेखा बदल गई है। वार्डो का परिसीमन के अनुसार 70 वार्डो का प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार किया जाना है। इस कार्य के लिए एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा ने तहसील कार्यालय दुर्ग के ट्रेनर को जिम्मेदारी दी थी। एसडीएम के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर ने कम्प्यूटर ऑपरेटरर्स को मतदाता सूची को आनलाइन एंट्री करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान डाटा सेंटर के प्रभारी अधिकारी व सहायक अभियंता तपन अग्रवाल , चंद्रपाल हरमुख, सहायक राजस्व अधिकारी विनोद चंद्राकर, जय कुमार जैन, प्रोग्रामर, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।